# कार्यवाही विवरण

M/s MVK Industries Private Limited, Village-Amartal & Kirari, Tehsil-Akaltara, District-Janjgir-Champa (C.G.) Proposed Pellet Plant- 0.4 MTPA, 1x350 TPD DRI Kiln (Sponge Iron 1,15,500 TPA), 2x7.5 MVA Ferro Alloys Unit (FeMn-40,300 TPA/SiMn-28,215 TPA/Pig Iron-56,400 TPA), Fly ash Brick Making plant of 8.6 MTPA (26,000 bricks/day) by forward integration in the existing 15 MW Biomass based power plant premises & Conversion of existing 15 MW Biomass based power plant to 8.0 MW WHRB & 7.0 MW Dolochar & Coal Based power plant के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् दिनांक 02/03/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान–योगेश भवन, अकलतरा, तहसील–अकलतरा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार M/s MVK Industries Private Limited, Village-Amartal & Kirari, Tehsil-Akaltara, District-Janjgir-Champa (C.G.) Proposed Pellet Plant- 0.4 MTPA, 1x350 TPD DRI Kiln (Sponge Iron 1,15,500 TPA), 2x7.5 MVA Ferro Alloys Unit (FeMn-40,300 TPA/SiMn-28,215 TPA/Pig Iron-56,400 TPA), Fly ash Brick Making plant of 8.6 MTPA (26,000 bricks/day) by forward integration in the existing 15 MW Biomass based power plant premises & Conversion of existing 15 MW Biomass based power plant to 8.0 MW WHRB & 7.0 MW Dolochar & Coal Based power plant के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय समाचार पत्र हरिभूमि, बिलासपुर में दिनांक 31.01.2023 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र बिजनेस स्टैण्डर्ड, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 31.01.2023 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक 02/03/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान– योगेश भवन, अकलतरा, तहसील–अकलतरा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कार्यालय कलेक्टर जांजगीर–चांपा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय, जिला पंचायत जांजगीर–चांपा, अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र चांपा, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत – अमरताल, किरारी, खिसोरा, मुड़पार, पौना, तिलई, तागा, तरौद, बनाहिल, खटोला, रोगदा, पकरिया,

बरगवा, कल्याणपुर, झलमला, कापन, खोंद, परसाही (नाला), तहसील–अकलतरा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.), डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को एक भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 02/03/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान–योगेश भवन, अकलतरा, तहसील–अकलतरा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री एस.पी.वैद्य अपर कलेक्टर, एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रकिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री टाडा जी, वरिष्ठ प्रबंधक के द्वारा M/s MVK Industries Private Limited, Village-Amartal & Kirari, Tehsil-Akaltara, District-Janjgir-Champa (C.G.) परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अपर कलेक्टर, एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री अरूण डहरिया** :–इस प्लांट का पूर्ण समर्थन करता हूॅ। हमारे क्षेत्रीय लोगों को रोजगार नया स्थापित होगा। यह प्लांट 2005 में के.व्ही.के. प्राईवेट बायो इनर्जी के नाम से संचालित हुआ। जो अभी ठीक से चल नहीं पाया। पहले एक महीना चलता था, चार माह बंद रहता था, दो महिना चला तो छह महीना बंद रहा। इस कारण से न कर्मचारी का उन्नति हो पाया, ना ग्राम का उन्नति हो पाया। इस कंपनी को एमव्हीके कंपनी अपने अधिग्रहण में ले लिया है जो कि यह 01 वर्ष से चल रहा है। जब ये प्लांट चालू हुआ पुनः सभी लोगों को रोजगार चालू हो गया, जिसके कारण सभी लोगों का रोजी रोजगार चल रहा है। सब का फैमली खुश है। इस प्लांट में स्टील प्लांट का विस्तार किया जाना है। इस प्लांट के आने से हमारे क्षेत्र के बेरोजगार भाईयों को टेक्नीकल, नॉन टेक्कनीकल सबको एक नया रोजगार स्थापित होगा साथ ही क्षेत्रीय व्यापारी लोग है उनको भी नया व्यापार करने का मौका मिलेगा। जो ग्रामीण क्षेत्र है जो ग्राम पंचायत को सीएसआर मद से बहुत सारा सुविधा मिलेगी। जो अभी तक केव्हीके बायो एनर्जी के नाम से चल रहा था। नहीं चलने के कारण ये उन्नति नहीं हो पाया था। आने वाला समय में अच्छा रहेगा। मैं स्टील प्लांट आने से नव जवान भाईयो को ये बताना चाहूंगा। अगर इन लोगों को यहां रोजगार मिलेगा। रोजगार मिलने से बहुत सारी सुविधाए है। जो इन लोगों को बेनिफिट मिलेगा। जैसे ईएसआई का सुविधा मिलता है। ईएसआई सुविधा मतलब उनके फैमली को मल्टीनेशनल हॉस्पिटल में फ्री ऑफ कास्ट ट्रीटमेंट सुविधा उपलब्ध, साथ ही पी. एफ. की सुविधा। मतलब रिटाटरमेंट के बाद पेंशन। साथ ही जो ग्राम पंचायत उनके अंदर में आता है। उसको सीएसआर मद से उनको विकास किया जाता है। जो विकास अभी तक अधूरा रह गया था। उनको पूरा किया जा रहा है। साथ ही हमारे क्षेत्र के नौजवान भाईयों को रोजगार मिलेगा। व्यापारी लोगों को व्यापार मिलेगा। छत्तीसगढ शासन को राजस्व की आय होगी। अनेको इस प्लांट से सुविधा मिलने वाली है। आने वाले समय में जो मेन मुद्दा है बेरोजगारी की

पूर्णत लगभग खत्म हो जायेगी। हमारे क्षेत्रीय भाईयों को नया रोजगार मिल जायेगा। इसी कारण मैं इस प्लांट का पूर्ण समर्थन करता हूँ।

2. **श्री बालमीकि सोनवानी, ग्राम–अमरताल** :–एम.वी.के पॉवर प्लांट को मैं तहे दिल से सहमत हूँ। कंपनी के पक्ष में मेरा पूरा सहमत है।

3. **श्री प्रीतम सिंह डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट का विस्तार होना चाहिए। बशर्ते हमें वहां रोजी–रोटी मिलनी चाहिए। ऐसा न हो वहां से खुल गया। बाहर से आकर लोग नौकरी कर रहे है ऐसा नहीं होना चाहिए। मेरे भी बच्चे को लगने चाहिए, काम।

4. **श्री महेन्द्र पाल जांगडे, ग्राम–अमरताल** :–मैं पूरा तरह से विरोध करत हव। स्टील प्लांट से होने वाला प्रदूषण है वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, यहां तक के जो हमर उपजाऊ जमीन, तै उपजाऊ जमीन उपजाऊ जमीन नहीं रहे। मैं स्टील प्लांट में खुद काम कर सके हव। केवीके आयो आईस हे तो ग्राम मा विकास होवे रहीस हे। गांव मां हास्पिटल खोले रहीस हे, बिजली खोले रहीस हे। आज तक हमार गांव मा कोई ला नहीं मिले हे। हमर गांव के कोई विकास नहीं होये। मैं पूरी तरह से विरोध करथव।

5. **श्री भीखम प्रसाद सूर्यवंशी, सरपंच ग्राम–भिलाई** :–आज हमारे ग्राम पंचायत किरारी, अमरताल में 16, 17 साल से केवीके पॉवर प्लांट चल रहा है और अच्छे से चल रहा है हमको कोई परेशानी नहीं है। प्रदूषण भी नहीं हो रहा है। आज हमारे गांव में और भी प्लांट लगने जा रहा है। किरारी, अमरताल के सभी बेरोजगारो को लोगों को रोजगार मिलेगा। हम मालिक से उम्मीद करते है कि ग्रामवासी को रोजगार दे।

6. **श्री कुवंर सिंह, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने का समर्थन करता हूँ प्लांट खुलना चाहिए।

7. **श्री सत सागर रात्रे, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुले में कोइ तकलीफ नहीं है। बिल्कुल समर्थन है।

8. **श्री दीपक सिंह डहरिया** :–प्लांट का समर्थन करता हूँ।

9. **ग्राम–अमरताल** :–मैं प्लांट में काम करता हूँ। हम लोग का रोजी–रोटी बढिया चल रहा है। आगे बढना चाहिए, हमारे बाल बच्चो का भविष्य बनना चाहिए।

10. **श्री विश्वनाथ सोनवानी, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने से हम लोगों को बहुत दर्द हो रहा है। हमारे गांव के बेरोजगारो को रोजगार मिलेगा।

11. **श्री राजकुमार, ग्राम–तागा** :– इस प्लांट का मैं समर्थन करता हूॅ।

12. **श्री धनंजय कुमार, ग्राम–झूलन** :– प्लांट खुलने से मेरा सहमति है।

13. **श्री रेशम लाल डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने में मालिक को समर्थन है। प्लांट खुलना चाहिए। लोग लईका जीये खाये।

14. **श्री राजकुमार** :–प्लांट विस्तार होने से हमारे बीच के साथियों एवं परिवार वालो को खुशी है।

15. **श्री कोदूराम, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलन का सहमत है।

16. **श्रीमती कविता बाई सूर्यवंशी, ग्राम–किरारी** :–गांव में प्लांट खुलने में मेरा समर्थन है।

17. **श्री सेवक सिंह डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने से गांव का विकास होगा औेर विस्तार होगा मैं समर्थन करता हूॅ।

18. **श्री सुंदरलाल, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुले और रोजगार चले। योग्यता देख–देख कर भर्ती करें।

19. **श्री सुनील टंडन, ग्राम–खिसोरा** :– प्लांट खुलने में बहुत बहुत समर्थन है और हमेशा समर्थन देता रहॅूगा।

20. **श्रीमती शिव कुमारी, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट सदा दिन चलता रहे।

21. **डॉ. रात्रे, ग्राम–अमरताल** :–जो हमारे ग्राम अमरताल में प्लांट खुल रहा है। मैं भरपूर सहमत दे रहा हूॅ।

22. **श्री लखेश्वर प्रसाद डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने में समर्थन है।

23. **श्री विदेश कुमार डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट का समर्थन करता हूॅ।

24. **श्री राघवेन्द्र कुमार कौशिक** :– प्लांट खुलने में सहमत हूॅ।

25. **श्री ईशू कुमार खूंटे,ग्राम–सैजापाली** :–प्लांट का मैं हार्दिक दिल से स्वागत करता हूॅ। प्लांट खुलने में पूर्ण सहमति है।

26. **श्री गणेश राम जांगडे, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने से स्वागत करता हूॅं।

27. **श्री कृष्णा** :–प्लांट खुलने में समर्थन करता हूॅं।

28. **श्री गुरूलाल गढ़ेवाल, ग्राम–बनारी** :–प्लांट खुलने का समर्थन देता हूॅं।

29. **श्री अभिषेक सिंह, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलने में मेरा समर्थन करता हूॅं।

30. **श्रीमती सरोजनी खूरे, ग्राम–किरारी** :– प्लांट खुलने में मेरा समर्थन है।

31. **श्रीमती सुनीता पाटले, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलने में समर्थन करती हूॅं।

32. **श्री सावित्री बाई** :–प्लांट खुलने समर्थन है।

33. **श्री रामसमुंद्र, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलने में मेरा समर्थन है।

34. **श्री तुलाराम, ग्राम–पोड़ीढलहा** :–समर्थन है।

35. **श्री राजकुमार जांगडे, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलने में मेरा पूरा समर्थन है।

36. **श्री शैलेष कुमार यादव, ग्राम–तेलाई** :– प्लांट खुलने में मेरा समर्थन है।

37. **श्री चंद्रनिर्मलकर** :–प्लांट खुलने में मेरा समर्थन है।

38. **श्री अनिल कुमार, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट यहां बैठे। समर्थन करता हूॅं।

39. **श्री छत्रपाल साहू** :–प्लांट खुले समर्थन करता हूॅं।

40. **श्री हेमंत कुमार यादव, ग्राम–तरौद** :– इस कारखाना विस्तार को पूरा समर्थन देता हूॅं।

41. **श्री अमित कुमार दिनकर, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट खुलने में मैं पूर्ण रूप से समर्थन देता हूॅं।

42. **श्री जितेन्द्र कुमार साहू, ग्राम–किरारी** :–कंपनी विस्तार के लिए मेरा पुरजोर समर्थन है।

43. **श्री शैलेष कुमार कुर्रे, ग्राम–पौना** :– नवीन कंपनी का होना है। उसमें मेरा पूर्ण रूप से समर्थन है।

44. **श्री रूपेश कुमार यादव, ग्राम–तरौद** :– प्लांट खुलने में समर्थन करता हूॅं।

45. **श्री काशीराम कैवर्त, ग्राम–तरौद** :– प्लांट खुलने में समर्थन है।

46. **श्री रामस्वरूप डहरिया, ग्राम–अमरताल** :– मेरा समर्थन पूर्ण है।

47. **श्री रोहित दिवाकर, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलने में पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

48. **श्री किरणलाल, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने का में समर्थन पूर्ण करता हूॅ। लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए जबकि आदमी का होना जरूरी है। 50 प्रतिशत महिला का आरक्षण भी होना जरूरी है। कंपनी के अंदर मे रखे उस कर्मचारी को, हम ठेकेदारी मे है जिस दिन भर्ती होगा उस दिन कंपनी के अंदर ले, आने वाले बच्चे को मैं इसका स्वागत करता हूॅ।

49. **श्री सियाराम बरेठ, ग्राम–पेंड्री** :– प्लांट विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

50. **श्री तुकलेश कुमार, ग्राम–तरौद** :– प्लांट में जो भी सुविधा प्रदान की गई है वो बहुत है। सभी प्रकार की सुविधा देते हुए जल प्रदूषण, वातावरण प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण ये सब को नियंत्रण रखा गया है। प्लांट में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं है। ऐसा कुछ नहीं है। इस क्षेत्र में जितने भी अनपढ आदमी है। उन लोग काम कर रहे है। हरके प्रकार की सुविधा प्रदान की गई है। वातावरण को देखते हुए मैं ये कह सकता हूॅ कि प्रबंधन के द्वारा अनेक प्रकार की सुविधाएं। समाजिक, भैतिक, धार्मिक सभी प्रकार की हरेक सुविधाएं हर व्यक्ति को प्रदान किया जा रहा है। मैं इस एमवीके पॉवर प्लांट विस्तार का पूर्ण समर्थन करता हूॅ। यहां पर जनता को रोजी रोजगार मिलेगी। उनकी उन्नति होगी। एमवीके विस्तार का पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

51. **श्री मुकेश कुमार साहू, ग्राम–अकलतरा** :–एमवीके प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ।

52. **श्री गोवर्धन भारती, ग्राम–अमरताल :–** प्लांट विस्तार के लिए पूर्ण रूप से समर्थन देता हूॅ।

53. **श्री मनोज भारद्वाज, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलना चाहिए। इसका मैं तहे दिल से स्वागत करता हूॅ, समर्थन करता हूॅ। अमरताल में जो भी प्राईवेट लिमिटेड बायोमॉस कंपनी चल रहा है। वहां पर मेरे 80 कर्मचारी है जिसमें मेरे 46 कर्मचारी अमरताल का लोकल व्यक्ति लगा हुआ है। वहां पर 4 एवं 5 किलोमीटर के कर्मचारी है। किरारी, तागा के कर्मचारी उपस्थित है। 40, 50,

200, के आसपास व्यक्ति के लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे बहुत लाभकारी होगा।

54. **श्री अमरनाथ लहरे, ग्राम–पौना** :–मैं प्लांट को समर्थन देता हूॅ।

55. **श्री ओमप्रकाश, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

56. **श्री केशव कुमार यादव, ग्राम–तरौद** :–प्लांट विस्तार से समर्थन करता हूॅ।

57. **श्री सौरभ सिंह पाटिल** :–इस प्लांट के खुलन का समर्थन देता हूॅ।

58. **श्री अमिश कुमार बंजारे, ग्राम–खिसौरा** :–पॉवर प्लांट का भरपूर सहमति देता हूॅ। मैं आग्रह करता हूॅ इस प्लांट को सब सहमति दे।

59. **श्री संजय कुर्रे, ग्राम–कापन** :–प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ।

60. **श्री अश्वनी कुमार बंजारे, ग्राम–कापन** :–प्लांट का समर्थन करता हूॅ।

61. **श्री शिव प्रसाद, ग्राम–तरौद** :–प्लांट खुलने से समर्थन करता हूॅ।

62. **श्री अजय कुमार रात्रे, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट खुलने से पूर्ण रूप से सहमत करता हूॅ।

63. **श्री कमलकांत डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट से पूर्ण रूप से सहमत हूॅ।

64. **श्री नयनदास कुर्रे, ग्राम–अमरताल** :–पॉवर प्लांट खुलना चाहिए। लेकिन एक बात को ध्यान में रखना चाहिए कि अमरताल में पानी की कमी नहीं होना चाहिए।

65. **श्री रामानुज कश्यप, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलना चाहिए, समर्थन है।

66. **श्री सुदामा प्रसाद, ग्राम–अमरताल** :–हमारा नया प्लांट विस्तार से हमारे तरफ से पूरा–पूरी सहयोग है। प्लांट में पूरा–पूरा सहयोग है, पूरा–पूरा समर्थन है।

67. **श्री राजेन्द्र कौशिक** :–प्लांट खुलने में मेरा पूर्ण सहमत है।

68. **श्री रवि कुमार यादव, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने में पूरा सहमत है।

69. **श्री विवेकानंद, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने में पूरा सहमत है।

70. **श्री कमलेश कुमार कश्यप, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने में पूर्ण सहमत हूॅ।

71. **श्री साहू, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने में समर्थन है।

72. **श्री शिवजगत, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने का पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

73. **श्री राजकुमार साहू, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने का पूरा समर्थन है।

74. **श्री सेवकराम साहू, ग्राम–किरारी** :–समर्थन है।

75. **श्री नारायण प्रसाद साहू, ग्राम–** :–प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ।

76. **श्री राजेन्द्र, ग्राम–देवकिरारी** :– प्लाट खुलने में समर्थन करता हूॅ।

77. **श्री दिनेश कुमार अनंत, ग्राम–अमरताल** :–हमारे स्थानीय क्षेत्र अमरताल में जो प्लांट खुलने वाला है पूर्ण रूप से सहयोग करता हूॅ, समर्थन करता हूॅ, रोजगार निश्चित रूप से प्राप्त होना चाहिए। पढे लिखे व्यक्ति को कम तौर पर मिलना चाहिउ। हमारे जैसे पढे लिख युवको को सुनिश्चित तौर पर रोजगार मिलना चाहिए।

78. **श्री देव सिंह डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलने में पूरा सहमत हूॅ।

79. **श्री रोशन साहू, ग्राम–देव किरारी** :–प्लांट खुलने में फूल समर्थन करता हूॅ।

80. **श्री सूरज सोनवानी** :– प्लांट खुलने में पूरा समर्थन करता हूॅ। आगे चलके हमको काम मिले।

81. **श्री प्रदीप कुमार, ग्राम–अमरताल** :–जो कि हमारे गांव में प्लांट खुलने जा रहा है उसमें मैं पूरा से पूरा सहमति देना चाहता हूॅ।

82. **श्री दीपक प्रजापति,** :– प्लांट खुलने में मेरा पूरा समर्थन है।

83. **श्री नवल किशोर तिवारी, ग्राम–** :–एमवीके एक ऐसा प्लांट है जो हमारे क्षेत्र में क्या पूरे छत्तीसगढ में 99 प्रतिशत क्षेत्रीय लोग काम करते है। इसलिए मैं इस प्लांट का पूर्ण रूप से सहयोग करता हूॅ और आगे बढाने के लिए पूरा समर्थन करता हूॅ।

84. **श्री शैलेन्द्र अनंत, ग्राम–** :–प्लांट को समर्थन करता हूॅ।

85. **श्री राहुल बंजारे, ग्राम–अकलतरा** :–अमरताल में प्लांट खुलन में समर्थन है।

86. **श्री राजेश कुमार, ग्राम–तिलई** :–प्लांट के विस्तार में मेरा पूर्ण सहमति है।

87. **श्री पितांबर जगत, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने में समर्थन है।

88. **श्री सूरज कुमार, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने में मेरा समर्थन है।

89. **श्री अमित कुमार, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने में समर्थन है।

90. **श्री धमेन्द्र गोस्वामी, ग्राम–किरारी** :– प्लांट खुलने में समर्थन करता हूॅ।

91. **श्री मुकेश कुमार साहू, ग्राम–पकरिया** :–इस प्लांट में मै कार्यरत् तो नहीं लेकिन मेरी रोजी–रोटी इसी प्लांट से चल रही है, प्लांट का समर्थन करता हूॅ।

92. **श्री सूरज कुमार साहू, ग्राम–पकरिया** :–प्लांट का विस्तार समर्थन करता हूॅ।

93. **श्री रवि कुमार कश्यप, ग्राम–किरारी :–** प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ।

94. **श्री कृष्ण कुमार, ग्राम–किरारी** :– प्लांट खुलने में समर्थन करता हूॅ।

95. **श्री चंद्रभान, ग्राम–अमरताल** :–इस प्लांट का भरपूर विरोध करता हूॅ। केवीके प्लांट बना है, एमवीके प्लांट बना है। अमरताल में कोई प्रकार का सुविधा नहीं है। मैं अधिकारी से निवेदन करता हूॅ कि वहां जाकर निरीक्षण करें। 1 प्रतिशत सहयोग नहीं है। ऐसे प्लांट का भरपूर मैं विरोध करता हूॅ। प्लांट वहां पर किसी भी प्रकार से वहां स्थापित नहीं होना चाहिए। हमारे ग्राम के लिए नुकसान है व हमारे क्षेत्र के लिए नुकसान है।

96. **श्री कृष्णा राय, ग्राम–अमरताल** :–एमवीके पॉवर प्लांट का विस्तार नया हो रहा है उसमें मेरा पूर्ण विरोध है। इसमें गांव वाले को नुकसान हैं, आसपास के गांव वालो को भी नुकसान है। लोग समझ नहीं रहे है लेकिन बाद में पछताईंगे। इसका मैं फूल विरोध कर रहा हूॅ।

97. **श्री देवलाल डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–गावं के समर्थन में केव्हीके पॉवर प्लांट लगे रहीस हे। उसी समय गांव के विकास कार्य के अनुरूप एमवीके पॉवर प्लांट लगत हे। अधिकारी मन से अनुरोध करत हव कि अमरताल ला गोद लेते हुए विकास करही वही आग्रह करके मेरा समर्थन है।

98. **श्री मनीष कुमार साहू, ग्राम–देवकिरारी** :–प्लांट बनने में समर्थन करता हूॅ।

99. **श्री हरिराम मरकाम, ग्राम–देवकिरारी** :– प्लांट खुलने में समर्थन करता हूॅ।

100. **श्री अजीम रजा खान, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट खुलने का पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

101. **श्री नर्मदा प्रसाद सूर्यवंशी, ग्राम–कोसमंदा** :–प्लांट खुलने में पूरा पूरा समर्थन है।

102. **श्री अरबाज खान साबरी, ग्राम–अकलतरा** :–मैं इस प्लांट का पूरा–पूरा समर्थन करता हूँ।

103. **श्री इरफान खान, ग्राम–अकलतरा** :–इस प्लांट का पूर्ण रूप से समर्थन करता हूॅ।

104. **श्री मकसूद खान, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट खुलने का पूरा समर्थन करता हूॅ।

105. **श्री शहजाद मोहम्मद, ग्राम–अकलतरा** :– प्लांट खुलने का पूण समर्थन करता हूॅ।

106. **श्री शिवचरण दास** :– इस प्लांट खुलने का पूर्ण समर्थन करता हूँ।

107. **श्री चित्रपाल सिंह डहरिया, ग्राम–अकलतरा** :– प्लांट खुलने का पूण समर्थन करता हूॅ।

108. **श्री प्रदीप कुमार ओगरे, ग्राम–खिसोरा** :– प्लांट खुलने का पूण समर्थन करता हूॅ।

109. **श्री घुरवा राम साहू, ग्राम–पकरिया** :–प्लांट का पूरा समर्थन करता है।

110. **श्री इतवारी लाल बरेठ, ग्राम–तिलई** :–प्लांट के विस्तार के लिए मै और परिवार के लिए समर्थन है।

111. **श्री अर्पित कुमार, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट के विस्तार से सहमत हूॅ।

112. **श्री मोतीलाल कुर्रे, अधिवक्ता ग्राम–अमरताल** :– जन सुनवाई करने के पहले आपने परियोजना के आवश्यक भू–जल सी.डब्ल्यू. एनओसी प्रमाण पत्र लिये हो कि नहीं लिये हो। फिर जन सुनवाई होना चाहिए, मेरे को दिखाया जाये। लिये हो कि आप लोग कि नहीं लिये हो आप लोग। कंपनी से पूछना चाहता हूॅ कि आप सी.डब्ल्यू. से प्राप्ति के लिए एनओसी लिये है कि नहीं लिये है। ये गलत है विरोध है, इसका। इसका आपको कॉपी दिखाना पडेगा। मजदूर को प्लांट में आज तक आठ हजार से ज्यादा नहीं दिये है। उसके बाद भी समर्थन कर रहे है। शोषण हो रहा है इस प्लांट में मजदूरो का। ये जन सुनवाई को भंग किया जाये। उसका कॉपी दिलाईये। प्लांट लगा है कोई पर्यावरण का विकास नहीं हुआ है। ग्राम अमरताल में आंख का कमजोरी हो रहा है मोतियांबिंद का

शिकायत है, दमा–खांसी का शिकायत है। आज तक चलित हॉस्पिटल भी नही किया गया है। प्लांट का विस्तार हो रहा है, नुकसान हो रहा है। प्लांट लगना कोई औचित नहीं है। मैं भी कानून का जानकार हूॅ। इसलिए शांति पूर्वक कह रहा हूॅ। आप लोगों को नियम के तहत् कार्यवाही करना चाहिए। लोक सुनवाई करने का अधिकार है। तो ऐसे में भू–जल का प्रमाण पत्र होना चाहिए। इसके बाद लोक सुनवाई होनी चाहिए। किसी आदमी को नहीं मालूम नहीं है। क्या हो रहा है हमारे गांव में। आने वाले समय में गांव का विकास नहीं विनाश होगा। केवीके प्राईवेट के नाम से एमवीके बिक्री किया गया है। उसमें भी शासन को चुना लगाया गया है। पेड–पौधे का उल्लेख नहीं किया गया है, भू–जल का उल्लेख नहीं किया गया है। 18 ठोक बोरवेल है, उसमें गांव में इतना दुरगती हो जा रहा है। हम लोग झेलते है। आप लोग तो समर्थन करके चले जायेंगे। हम लोग का कोई विकास नहीं हो रहा है। राखड गांव के बाहर–बाहर फेक रहा है। फ्लाई ऐश से ईटा बनवाया जा रहा है। उस धूल से गांव में दमा, खांसी, उल्टी, सर्दी, टी.वी., दमा, अस्थमा, नेत्र, हद्य रोग ऐसे–ऐसे गांव में प्रदूषित है। वो जांच नहीं करते है। प्रदूषण विभाग का धज्जी उडाया जा रहा है। मेरा प्रार्थना है आप लोग का साथ नहीं देना चाहिए। गलत आदमी का साथ दे रहे है पूर्ण विरोध करते है, अपत्ति है खारिज करिये। मुनादी कराने का नियम होता है मुनादी को सही समय में कराना चाहिए। अगर गांव में प्लांट लगता है तो कृषि भूमि नुकसान होगा।

113. **श्री रवि कुमार कौशिक, ग्राम–तिलई** :–एमवीके इण्डस्ट्रीज प्राईवेट लिमि का पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

114. **श्रीमती कुंतीबाई सिदार, ग्राम–तिलई** :–प्लांट आने से बहुत खुश हूॅ।

115. **श्री राजेन्द्र कुमार साहू, ग्राम–किरारी** :–आज जो शिविर लगा है। हमारे पंचायत में प्रबंधन द्वारा कागजात कोटवार को दिया गया है। ये फर्जी नहीं है सही है। हम कोटवार को बुलाके मुनादी करवाये है। सारी बात को हम बता सकते है। ये क्या कर रहे है, क्या नहीं कर रहे है हमको मालूम नहीं है। हमारे गांव के लिए सही हैं किसी प्रकार की चिटींग नहीं है। कोई धोका–धडी नहीं है। हमारे भाईयो को रोजगार मिले, प्लांट खुले, प्लांट खुलने में मैं समर्थन करता हूॅ।

116. **श्री दिनेश कुमार साहू, ग्राम–पिसौद** :–प्लांट का विस्तार हेतु अपना पूर्ण समर्थन देता हूॅ।

117. **श्री नरेन्द्र कुमार कश्यप, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ।

118. **श्री योगेश, ग्राम–किरारी** :– प्लांट खुलने का मैं समर्थन करता हूॅ।

119. **श्री अनिल डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–गरीब की उपेक्षा नहीं होना चाहिए। सडक की लडाई लडबो। जेकर जवाबदारी शासन–प्रशासन की होगी। गरीब की मूलभूत सुविधा चाहिए, रोजगार चाहिए।

120. **श्री तिलक** :–प्लांट खुलने में मैं सहमत हूॅ।

121. **श्री भीषम दिवाकर, ग्राम–अमरताल** :–हमारे गांव में वायु प्रदूषित हो रहा है। उसका निराकरण कोई भी नहीं कर रहा है। पानी का कमी हो रहा है उसका भी निराकरण कोई नहीं कर रहा है। मोतीलाल कुर्रे के बात में समर्थन है। प्लांट खुलने में समथन नहीं है।

122. **श्री रितेश चक्रधारी, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट खुलने में कोई आपत्ति नहीं है मै। इसका समर्थन करता हूॅ।

123. **श्री दीपक कुमार, ग्राम–अकलतरा** :– प्लांट खुलने में समर्थन करता हूॅ।

124. **श्री लौकुमार, ग्राम–अकलतरा** :– प्लांट का पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

125. **श्री पनिका, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट खुलने में समर्थन करता हूॅ।

126. **श्री रंजीत डहरिया, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलने में पूरा समर्थन करता हूॅ।

127. **श्री राजकुमार खाण्डे, ग्राम–कापन** :– प्लांट खुलने में समर्थन करता हूॅ।

128. **श्री सतीश कुमार कश्यप, ग्राम–किरारी** :–प्लांट विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

129. **श्री श्याम कुमार महिलांगे, ग्राम–खपरी** :– प्लांट के लिए समर्थन करता हूॅ।

130. **श्री राजू पाटले, ग्राम–खपरीडीह** :–समर्थन करत हव प्लांट के।

131. **श्री दिलेश्वर विश्वकर्मा, ग्राम–अमरताल** :–हमारे ग्राम पंचायत अमरताल में उद्योग लगा रहे है अच्छी बात है। लेकिन ग्राम पंचायत अमरताल, किरारी के भईयो उनको ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले। यहां अनपढ लोग को कम प्राथमिता मिलेगा। प्लांट प्रबंधन महोदय को यही कहूॅगा कि जो गरीब तबके है अनपढ है।

उनको भी रोजगार मिले। गरीबो के हित में अगर प्लांट स्थापित होती है तो पूरजोर हमारा समर्थन है, और आगे भी समर्थन करते रहेंगे।

132. **श्री तुलाराम निर्मलकर, ग्राम–पामगढ** :–प्लांट के समर्थन देथव। प्लांट के आसपास जो गांव है, गरीब मजदूर है, ओमा बहुत ध्यान देना पडथे। ताकि उमन पिछड गये है ओला आगे बढाना है। गांव के आसपास मन ला रोजगार देवय। गांव के विकास के लिए जो काम कर सकते। वो काम के लिए प्लांट में नियुक्ति देना जरूरी है। ऐखर मन मा हमन समर्थन देबो। गांव के मन ला नौकरी नहीं मिल पाही तो हमन ओखर समर्थन नहीं करन। गावं के आगे विकास होथे। गांव के कर्मचारी अगर कुछ नही पाईस, बाहर के आदमी मन ला नौकरी दे दिस। प्लांट के बाहरी आदमी पैसा लेकर जाही। पर गांव के कुछू नहीं होईस। जितना आसपास के गांव है। वहां के कुछ–कुछ आदमी ला पढे–लिखे योग्यता के आधार पर नौकरी दिया जाये। तो ओखर समर्थन है। कोई दुख नहीं पाना चाहिएं। पर्यावरण ला नुकसान होही। तो सबला हानि होही। पर्यावरण ला बहुत सुरक्षित रखना होही। आसपास मा पेड–पौधा लगाये मा पेड की व्यव्सथा कर ले। ओखर बाद प्लांट ला शुरू करें।

133. **श्री अरूवनी कुमार, ग्राम–मेऊ** :–हर किसी को रोजगार मिलना चाहिए। हमारे आने वाले पीढ़ी, बाल–बच्चे को अच्छा साफ, स्वस्थ हवा मिलना चाहिए। पहले पर्यावरण का विकास चाहिए।

134. **श्री मनीष कुमार साहू, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

135. **श्री दिनेश कुमार साहू, ग्राम–अकलतरा** :–प्लांट विस्तार में मेरा समर्थन है।

136. **श्री नवधा प्रसाद, ग्राम–कापन** :–प्लांट विस्तार का मेरा समर्थन हैं।

137. **श्री युगल किशोर कश्यप, ग्राम–किरारी** :–इसके विस्तार का समर्थन करता हूॅ। हम लोग को सहयोग के लिए राशि दिया है। मैं इसका पूरा समर्थन करता हूॅ।

138. **श्री शैल बहादुर, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट विस्तार में मेरा भरपूर सहयोग है, मेरा और मेरा परिवार का।

139. **श्री लच्छीराम साहू, ग्राम–मुलमुला** :–प्लांट को विस्तार करने में मेरा पूर्ण रूप से मेरा सहयोग है।

140. **श्री नीलम जांगडे, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलने में सहमत हूॅ।

141. **श्री राजकुमार सिंह** :—प्लांट का विस्तार हो रहा है अच्छी बात है। मूलभूत सुविधाओं की पूति होनी चाहिए। ईट से ईट बनाने में, हमारे क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। प्लांट प्रबंधन ध्यान से सुन ले।

142. **श्री विशाल सिंह** :— इस क्षेत्र में नई नई कंपनी आती है, जाती है। घास का मैदान न समझे। थोडा देख ताक के साहब रास्ता अच्छा है, खराब है।

143. **श्री जयदीप सिंह, ग्राम—अकलतरा** :—प्लांट खुलने का समर्थन है। आपके पास आयेंग रोजगार देंगे। अभी तो समर्थन नहीं है।

144. **श्री योगेन्द्र सोनवानी, ग्राम—अकलतरा** :—प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ।

145. **श्री ओंकार सिंह डहरिया, ग्राम—अकलतरा** :—नया प्लांट लगने में पूर्ण रूप से समर्थन करता हूॅ। ग्राम अमरताल से आये लोग समर्थन देते है।

146. **श्री अमित कुमार केडिया, ग्राम—अकलतरा** :—इस प्लांट का क्या विस्तार हो रहा है। इसकी जानकारी मुझे बताये। ये केवीके प्लांट का है। ये अलग इकाई है। विस्तार होकर नवीन इकाई है। पान के पत्ते को देखा तो फ्लाइ ऐश राखड जमे हुये थे। चिमनी चालू नहीं करते है, अपनी बिजली बचाने के लिए। आप बडी जगह पर रहते है। आज अकलतरा के लोगों में जो आये दिन एक्सीडेंट हो रहा है। दुर्घटना हो रही है अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है। इस हेतु किसी का ध्यान नहीं है। आज लोगों को बरगला के बोला गया है कि केवल रोजगार मिलेगा। मैं भी तो बचपन से देखते आ रहा हूॅ। कितने लोगों को रोजगार मिला है, सब जानते है। मैं केवल ये चाहता हूॅ ठोस निर्णय। प्लांट लगता है। क्षेत्र के विकास के लिए लगता है। बहुत अच्छी बात है हम चाहते भी है। प्लांट के 1 प्रतिशत अकलतरा के नगरवासियों को मिले। वहां के आश्रित गांव वाले को मिले, वहां के पार्पर लोगों को मिलें। बिजली, पानी हर आदमी चाहता है। क्या नहर के कनेक्शन के आप जोड देंगे पानी। गौठान की व्यवस्था में परेशानी होगी, गांव के स्वास्थ के हित में आपकी क्या रूप रेखा है। इसके बारे में कहीं पर उल्लेख नहीं है, शिक्षा के क्षेत्र में क्या हो सकता है इसका उल्लेख नहीं है। अकलतरा में मेडिकल कॉलेज खुलता तो वो लाभंवति होता कि प्लांट होता। केवल रोजगार मिलना चाहिए। हर आदमी को रोजगार उपलब्ध हो सकता है क्या ? लाफार्ज जैसे प्लांट यहां छाती में गिट्टी निकाल रहा है। उसमें लोगों का ध्यान नहीं गया। आज तक आपेन टी.बी. का परीक्षण कराया गया कि कितने लोगों को दमा हो गया है। बच्चों की पैदाईश क्या है। इस हेतु किसी का ध्यान नहीं है। आप

इसमें संज्ञान लेना चाहिए। प्लांट लगना बहुत बढी चीज नहीं है प्लांट चलाना बहुत बढी चीज है। जनता ये चीज को देखीगी।

147. **ना. मा.** :–रोजगार तो मिलना चाहिए। वहां के पार्पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। छत्तीसगढ के बाहर के लोग भी काम कर रहे है। आप प्लांट का विस्तार कर रहे है तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। आप कह देते कि यहां के लोगों को राजगार मिलेगा। बाद में पिछे से किसी और को भर्ती करी देंगे। आपकी योग्यता ये नहीं है हमारे गांव के सभी भाई–बहन सभी पूरा योग्यता रखते है। बशर्ते ग्रामीणों को लिया नहीं जाता है। हम इसका समर्थन करेंगे। आम आदमी को मूलभूत सुविधा मिलना चाहिए। साथ ही साथ रोजगार सबसे बढ़ी समस्या है। उस पर आप विशेष ध्यान देंगे कि कहां पर किसको रोजगार देंगें और किसको नहीं।

148. **श्री रविशंकर साहू, ग्राम–किरारी :–** हम प्लांट का समर्थन करेंगे। किस–किस पर करेंगे कि हमारे आसपास के जितने भी क्षेत्र के लोग वहां पर प्रभावित होंगे वहां पर रोजगार मिलना चाहिए। आप सिर्फ रोजगार देंगे, ऐसा कहकर आप नहीं जा सकते। कई प्लांट में ऐसा हो रहा है। पूरा झारखण्ड के बिहारी को लाकर भर देतै। हम लोग जो आसपास के मूल निवासी है उनको मामूली काम कराकर भेज देते है। हम लोगों में भी उतनी योग्यता है। हमारे लोग भी सब एमटेक, बीटेक किये हुये है। बडी–बडी डिग्रीयां धारी है। लास्ट में उनको आप गार्ड की नौकरी दे देते है। सब मामला को निपटा देते है। मैं समर्थन करूंगा कि हमें पूर्ण रूप से रोजगार मिले। हमारा फसल नुकसान होता है। 20 बोरा, 25 बोरा, प्लांट खुलने के बाद फ्लाई ऐश राखड़ जमेगा। पानी का जल स्त्रोत है वो भी नीचे जायेगा। इस स्थिति में इसका क्षतिपूर्ति में जा निर्णय लिया जाये और पूरा लाभ आसपास के ग्रामवासी को मिलें। इस स्थिति में मैं समर्थन करने के लिए तैयार हूॅ।

149. **श्री अमित यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष ग्राम–** :– प्लांट के द्वारा स्थानीय युवओ, छात्रो को प्राथमिकता के साथ नौकरी दिया जाये। प्लांट प्रबंधन के द्वारा बाहरी राज्यो से वर्करो को प्लांट में काम करने के लिए लाया जाता है। उस स्थिति में हमारे युवाओ एवं छात्रों के द्वारा प्लांट से जिला प्रशासन तक हम लोग आंदोलन किये जायेंगे।

150. **श्री सूरज कुमार, ग्राम–अमलताल :–** मैं प्लांट का समर्थन उस समय करूंगा। जब रोजगार का गारंटी देगा। प्लांट खुलने से धूल कंकण तो आ ही रहा है। दूसरा प्लांट खुलेगा तो और धूल कंकण आयेगा। परेशानी हम लोग को होगा। गारंटी देते हो तो समर्थन करेंगे। हमारे गांव में आकर देखे। हमारे गांव के आंगन में खाना खा कर देखे पूरा धूल कंकंण आंगन में भर जाता है। पूरा काला–काला हो जाता है। हमको गारंटी देगा तथी समर्थन करेंगे।

151. **श्री अशफाक मोहम्मद –** :–प्लांट लगने का समर्थन करता हूॅ। हम युवा है। हमे रोजगार की जरूवत है।

152. **श्री रामराज कुर्रे, आप आदमी पार्टी** :–मैं इस प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ। यहां के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। अगर रोजगार नहीं मिली तो हम रोजगार के लिए सांसद से लेकर सड़क की लडाई लडने के लिए तत्पर रहेंगे।

153. **श्री दुर्गा प्रसाद डहरिया, ग्राम–अमरताल** :–पहले तो पॉवर प्लांट लग चुका है। धूल की व्यवस्था अभी तक नहीं किया गया है। जाकर घर के बर्तन में पानी रखे रहते है। उसमें भी देखोगे तो धूल पडा रहता है। प्रदूषण की पहले व्यवस्था करें। राखड की व्यवस्था पहली करें। अभी हमारे ग्राम में नहर नहीं चल रहा था हम नजदीक के ग्राम के रहने वाले है। बाहर के भाई लोग ये समस्या को बाद में झेलते है। अभी नहर नहीं चल रहा था। बोर सभी सूखा के कगार में आ गये थे। जब नहर खुला तो अभी चल रहा है। प्लांट खुलने के बात है अभी से व्यवस्था में लग जाये। प्रदूषण के बारे में और जल नीचे गिर रहा है। प्लांट खुलने में हमें दिक्कत नहीं है। खोलिये और बेरोजगारो को रोजगार दीजिए।

154. **श्रीमती फुलेश्वरी बाई चौहान, ग्राम–किरारी सरपंच** :–जो प्लांट खुलत है हम लोग को कोई दिक्कत नहीं है। हमर लईका मन ला रोजगार मा लगाना चाहिए। सब धूर्रा, फुतका पानी कांजी सब मा पडत हे। सब के व्यवस्था करना चाहिए। आंखी मा पड जात हे। ओखर भी व्यवस्था भी करना चाहिए।

155. **श्री ईश्वर कश्यप, ग्राम–किरारी** :– प्लांट खुले के समर्थन करथव। बढिया चल हे। वहां से उडने वाला राखड ज्यादा प्रभावित होवत है हमर गांव मां बडी–बिजैरी बनाहा, करिया–करया दिखते क्या बर किरारी के बडी करिया दिखथे। पूरा धूर्रा बडी–बिजैरा मा समा जातहे। पॉवर प्लांट है गा। प्रदूषण ला आदमी मन झेल सकही, बेराजगारी ला आदम नहीं झेल सकें। गांव मा बहुत सारा

बेरोजगार है। किरारी में ज्यादा बेरोजगारी है। मै चाहत हे किरारी, अमरताल, के नवयुवक मन ला सभी ला नौकरी दिलाओं। गांव के लईका मन ला रोजगार दिलावा। बाहरी अन्य राज्य के आदमी मन ला लाये के जरूवत नहीं है। यहां पर भी बहुत सारा आदमी है। रोजगार के मौका देकर देखव। कामयाबी की ओर अग्रसर करही। ये क्षेत्र मा मोर दावा है कि कोई कामचोर नहीं है। सब मेहनती है इमाईनदार है। ओला मौका देवा। आगे बढावव। अन्य राज्य के आदमी मन लना बाहरी मन ला भगावा।

156. **श्री टिकेश सिंह, ग्राम–अमरताल** :– इस प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ।

157. **श्रीमती रंगीता डहरिया, ग्राम–अकलतरा** :–इस प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ।

158. **श्रीमती प्रेमलता खरे** :–इस प्लांट को समर्थन देती हूॅ।

159. **श्रीमती सरपंच, ग्राम–अमरताल** :–मैं अपने गांव के हित में काम करूंगी। कारखाने के अनुसार से शर्त के अनुसार समर्थन रहेगा। प्रभावित हमारे ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधा होनी चाहिए। जैसे जल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा व स्थानीय बेरोजगार के आधार पर शर्त प्रतिशत हमारे गांव के लोगों को रोजगार मिले हमारे पंचायत को। आसपास के ग्राम पंचायत को प्रदूषण मुक्त हो। 50 प्रतिशत महिला को रोजगार मिलें। इस शर्त पर किया जाता है हम लोग समर्थन करते है। क्योंकि गांव का मामला है हमारी पंचायत का मामला है। हमारा अधिकार भी है बोलने का। इसमें आपका भी समर्थन चाहिए।

160. **श्री गुरूगोविंद डहरिया, ग्राम–अमरताल** :– प्लांट खुलन में समर्थन करता हूॅ।

161. **श्री नरेन्द्र, ग्राम–अमरताल** :–प्लांट खुलन में समर्थन हूॅ। लेकिन बेरोजगार भाईयो को काम मिलना चाहिए।

162. **श्री संतोष कुमार कश्यप, ग्राम–किरारी** :–प्लांट खुलन में समर्थन हूॅ। प्लांट में जितने भी प्रदूषण है, बढिया से सुविधा करें।

163. **श्री ना0 मा0, ग्राम–** :– मैं इस अमरताल प्लांट खुलने का समर्थन करता हूॅ। अकलतरा का माहौल बहुत अच्छा था। लेकिन केएसके प्लांट खुल जाने से हमारे क्षेत्रवासियों को नौकरी, रोजगार काम मिला और अकलतरा क्ष्रोत्रवासियों को एक अच्छी गति मिली। उसी कड़ी में अमरताल प्लांट खुल जाने से निश्चित तौर पे

वहां के क्षेत्रवासियों को आसपास के गांव के लोगों को नौकरी मिलेगी। उस नौकरी मिलने से वहां के वर्कर फायदे में नहीं रहेंगे बल्कि उस क्षेत्र के सभी सब्जी वाले, कपडा बेचने वाले, उस क्षेत्र में जूता पॉलिस करने वाला और गाडी घोडा के लोगों को सभी को फायदा मिलेगी। निश्चित तौर पे प्लांट खुल जाना सही है। उसका मैं समर्थन करता हूॅ। विपत्ति समाधान लाती है। प्लांट खुल जाने से हमारा दुष्प्रभाव पडेगा, तो अच्छा ही पडेगा।

164. **श्री अशोक कुमार कश्यप, ग्राम–किरारी** :–प्लांट का विस्तार हो रहा है। हमारी जमीन में हो रहा है। यहां जो राखड़ निकलता है प्रदूषण का समस्या है। आज का आधुनिक युग है बढिया–बढिया ईएसपी लगा करके, जो राखड़ धूल उडता है उसे कंट्रोल करने के लिए उसको रखना चाहिए। किसानों का जो नुकसान होता है उसका मुआवजा मिलना चाहिए। ग्राम किरारी–अमरताल दोनों गांव सबसे ज्यादा प्रभावित है। दोनों गांव के युवाओं को लगभग 33–33 प्रतिशत रोजगार मिलना चाहिए। हमारे गांव के जो प्रभावित लोग है। धूल धक्कड जितना भी समस्या है हम लोग सहते है। विस्तार का किसी प्रकार का विरोध नहीं है। आसपास के गांव के प्रभावित लोगों को रोजगार मिलना चाहिए।

165. **श्री अभिषेक मिश्रा, ग्राम–अकलतरा** :–अमरताल प्लांट 5–6 साल से बंद था अभी 1 साल से चल रहा है। यहां भी 150–200 लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से 400–500 लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। छत्तीसगढ में सबसे ज्यादा बेरोजगार लोग है। हमारे यहां के मजदूर है वो सबसे ज्यादा बाहर कमाने खाने जाते है। यदि हमारे एरिया में रोजगार मिल रहा है, तो अच्छी बात है। हम लोग यहां समर्थन में है। यहां पलायन कम होगा। प्लांट की जो पॉलिसी है। छ.ग. शासन की जो नियम है। उन नियमों का कहीं न कहीं पालन होना चाहिए। कुल मिलाकर रोजगार उपलब्ध होना चाहिए। सीएसआर मद से काम होना चाहिए। रोजगार में 50 से 75 प्रतिशत में लोकल लोगों को रोजगार उपलब्ध होना चाहिए। नियम शर्तो से प्लांट चलेगा तो हम आम आदमी पार्टी के तरफ से पूरी तरह से समर्थन है। वेलकम करते है आप लोगों को हम लोग चाहते है कि लोग आये और अच्छा इनवेंटमेंट करें। सुरक्षित वातावरण बने। हम चाहते है कि एक अच्छा माहौल बने और किसानो के लिए, अच्छा माहौल बने व्यापारियों के लिए और अच्छा माहौल बने बेरोजगारो के लिए भी। आने समय में लोकल रोजगार उपलब्ध होगा तो अच्छी बात है। लगने वाला प्लांट के समर्थन में है हम सब। आप लोग प्लांट लगाईये और चलाईये अच्छे से।

166. **श्री अमरनाथ कश्यप, पूर्व सरपंच, ग्राम–चोरभट्ठी** :– इस प्लांट का समर्थन करता हूॅ। क्योकि इससे हमारे आसपास के गांव में रोजगार का अवसर मिल सकता है। मैनेजमेंट से आग्रह करूंगा कि हम जो आसपास के गांववाले है। सबसे ज्यादा प्रदूषण हम लोग को प्रभावित करता है। आसपास की गांव की समस्या को ध्यान में रखते हुए आसपास के जनजीवन अस्त–व्यस्त न हो, सुचारू रूप से ये सब चलती रहे। मूलभूत को ध्यान में रखते हुए प्लांट को संचालित करना चाहिए। भूमि की सुविधा, आसपास में तालमेल अच्छा रहे। मैं अपने विचार व्यक्त किया हूॅ।

167. **श्री धनेश कुमार गोड़, ग्राम–किरारी** :– इस प्लांट से मेरा 4 एकड खेत लगा हुआ है। उससे थोडा प्रभावित होता है उसको कंपनी को सुधारना चाहिए। हमारे गांव के बेरोजगारो को, बच्चो है, हमारे आसपास के हमारे जितने भी बेराजगार लोग बच्चे है उनको रोजगार मिलना चाहिए। इस कंपनी का विस्तार होने पर मैं इसका समर्थन करता हूॅ। बेराजगार लोगों को रोजगार मिलना चाहिए।

168. **श्री टिकेश प्रताप सिंह, ग्राम–गढोला** :–किसान का बेटा हूॅ किसानो का दर्द जानता हूॅ। ज्यादा तर लोग समर्थन में है, कुछ लोग विरोध में है। आज देश में सबसे बडी समस्या भूखमरी, गरीबी, स्वास्थ सेवाओ के लेकर, शिक्षा बहुत सी समस्या है। इसका जड वो है तो रोजगार से सारी समस्या का हल है। इन सब का उपाय है तो वो है रोजगारं। बहुत से आयेंगे कहेंगे विरोध करेंगें। प्लांट हमारे गांव धरती पर खुल रहा है। रोजगार ही इस सबका हल है। प्लांट खुलेगा तब हम अपनी समस्याओं को रख सकेगा। ऐसे लोगों से ज्यादा सावधान रहेगा होगा। हमको अपने हक के लिए हमसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। सबसे ज्यादा कोई महत्पूर्ण चीज है, तो वो है रोजगार है। ये जांजगीर जिला संपूर्ण संसाधनो से पूर्ण है। 01 प्लांट का विरोध का नहीं है। आज 01 प्लांट का विरोध करेंगे तो दूबारा कोई प्लांट नहीं आयेगा। सरकार हमको नौकरी देनी नहीं बैठी है। सबको निजी करने तुली है। हम ही विरोध कर देंगे तो इस क्षेत्र में प्लांट नहीं आयेगा। कौन हमको रोजगार देगा सरकार तो देने से नहीं है। हमको रोजगार खुद बनाना पडेगा। आप अपने दिल की बात सुनीए। हमर भाग्य ला हम बनाबो। मैं प्लांट के समर्थन करथव। जतका प्लांट हमर भुईयां में खुलना है खुले। प्लांट से निवेदन है ज्यादा से ज्यादा रोजगार दिये के कोशिश करो।

169. **श्री गुरूदयाल पाटले** :— प्लांट खुले के समर्थन करथव। हमर क्षेत्र में नौजवान भाई मन बेरोजगारी है। प्लांट खुले से रोजगार मिल जाये ऐखर बर समर्थन करथव। हमरे ग्राम मा खुले हैं हमरे एनओसी दिये मा खुले हे। आज बात रखथन तो बात नई सुनथे। आप से निवेदन हैं कि पानी छिडकाव ला व्यवस्था ला जमाव।

170. **श्री गब्बर सिंह टंडन, ग्राम—अकलतरा** :—मैं केवीके प्लांट में काम करता हूॅ। मेरा प्लांट आगे बढे और अच्छे से चले।

171. **श्री भूषण कुमार वैष्णव, ज.स. किरारी ग्राम—किरारी** :— हमर क्षेत्र में प्लांट लगत हे, ये हमर बर अच्छा बात हे, हमर क्षेत्र के जनता खुश होही। रोजगार के साथ मूल—भूत सुविधा मिलना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से, स्वास्थ्य के माध्यम से, चाहे पर्यावरण के माध्यम से, 2005 मां केवीके प्लांट के उद्घाटन होईस। क्षेत्र के आज तक हमू ला कभी देख नही मिले हे। क्षेत्र के माध्यम से, शिक्षा के माध्यम से, मा कोई काम करीसहे। कोविड—19 के सहयोग मांगीस सहयोग करीस। हमर क्षेत्र के समर्थन दे हवय ओखर सदा उपयोग होना चाहिए। ओखर अधिकार के हनन नहीं होना चाहिए। प्लांट खुलत है समर्थन है, बहुत अच्छा बात है। रोजगार मिले। हमर क्षेत्र के लईका मन ला रोजगार मिलही बढिया बात है।

172. **श्री गुरूदेव कुमार, ग्राम—तिलई** :— प्लांट का समर्थन करता हूॅ।

173. **श्री मिल्टन कुमार आजाद, ग्राम—अकलतरा** :— प्लांट खुल रहा है, हमारे गांव में। हेल्थ पर्यावरण प्रदूषण होगा कि नहीं बताये बसे। प्रदूषण होगा।

174. **श्री संतकुमार सोनवानी, ग्राम—अमरताल** :— प्लाट खुलने के पूर्ण रूप से सहमत हूॅ।

175. **श्री शिवप्रसाद कैवर्त, ग्राम—बनाहिल** :—प्लाट खुलने के पूर्ण रूप से सहमत हूॅ।

176. **श्री सीताराम कुर्रे, ग्राम—तिलई** :—प्लांट को खुलने में मेरा समर्थन है। रोजी—रोटी चलना चाहिए।

177. **श्री टीकाराम डहरिया** :—प्लांट खुले पूरा सहयोग है।

178. **श्री दूजराम कुर्रे, ग्राम—तिलई** :—इस प्लांट के समर्थन में हूॅ।

179. **श्री ओमप्रकाश साहू, ग्राम—किरारी** :—प्लांट खुलने का मैं सहमत देता हूॅ। परंतु अमरताल, किरारी में 33—33 प्रतिशत रोजगार दिलाने की कृपा करें।

180. **श्री दूजराम डहरिया, वार्ड नं. 14** :— इस प्लांट को धन्यवाद देता हूॅ। प्लांट खुलने का मैं पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

181. **श्रीमती ग्राम पंचायत रोहदा सरपंच, ग्राम—रोहदा** :—सभी लोग बेराजगार है। लेकिन लेडिस के बारे में कोई नहीं सोचा। लेडिस लोग भी बेरोजगार है। बेरोजगार को रोजगार दिया जाता है तो प्लांट इसको ध्यान में दे और लेडिसो के लिए भी खास ध्यान दे। स्वास्थ्य केन्द्र भी जरूरी है मजदूर लोग काम कर रहे है तो मजदूर लोग भी कहां जायेंगे। स्वास्थ केन्द्र लगाईये।

182. **श्री जितेन्द्र कुमार कश्यप, ग्राम—किरारी** :—प्लांट के विस्तार में समर्थन करता हूॅ। लेकिन ग्राम पंचायत किरारी और अमरताल को 50—50 ग्रामीणों को प्रतिशत रोजगार मिलना चाहिए।

183. **श्रीमती परमेश्वरी यादव, ग्राम—तिलई** :—प्लांट खुलने का समर्थन देती हूॅ। प्लांट खुलने के साथ—साथ, पुरूष को तो मिल जाता है काम, हम महिलाओं को नहीं मिल पाता है रोजगार। क्योंकि महिलाए बहुत सारे दिक्कत से पीढित है। मैं चाहती हूॅ कि प्लांट खुले। विस्तार का समर्थन करता हूॅ। अमरताल है, भेलाई है, किरारी है, तागा है को 50 प्रतिशत रोजगार मिलना चाहिए। समर्थन है प्लांट खुलने का।

184. **श्री रामचरण गढ़ेवाल, ग्राम—घनवा** :—नाला के पास प्लांट खुला है वो बहुत गंदगी है। उसमें का डस्ट उड रहा है। सब्जी—भाजी और कपडे में उडता है। इसका कोई व्यवस्था करें।

185. **ना मा.** :—अभी जो प्लांट खुल रहा है, हम ग्रावासी अमरताल किरारी, अमरताल, भेलाई, गढोला में 50—50 प्रतिशत के काम दिलाने की कृपा करेंगे।

186. **श्री बलराम पाटेल** :—समर्थन में, प्लांट खुले सभी को बेरोजगार मिले। प्लांट जरूर खुले।

187. **श्रीमती शकुंतला, ग्राम—धनवा** :—प्लांट खुलने के लिए समर्थन देती हूॅ।

188. **श्री भूपेन्द्र बघेल, ग्राम—अकलतरा** :—अच्छे कार्य को नहीं कर के लिए नहीं बोलना चाहिए। मैं भी प्लांट खुलने के लिए अपना पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

189. **श्री रज्जू लाला रात्रे, ग्राम—खोर** :—गाम पंचायत के तरफ से अपना समर्थन देता हूॅ

190. **श्री सौरभ कुमार रात्रे, ग्राम—खोर** :—प्लांट खुलने में मैं अपना समर्थन देता हूॅ।

191. **श्री कमल कुमार, ग्राम–घनवा** :–प्लांट खुलने में समर्थन है। सभी को रोजगार मिलना चाहिए।

192. **ग्राम–मुडपार** :–प्लांट खुल जाही मैं भी रोजगार करे बर तैयार हव भाई।

193. **श्री कमलेश कश्यप, ग्राम–किरारी** :–प्लांट हमारे किरारी के अंतर्गत लगा है। अनुरोध है कि ग्राम किरारी वाले को प्राथमिका मिलना चाहिए।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अपर कलेक्टर, एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 1:01 बजे अपर कलेक्टर, एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री एस. आर. टाटा, वरिष्ठ प्रबंधक MVK Industries Private Limited, Village-Amartal & Kirari, Tehsil-Akaltara, District-Janjgir-Champa (C.G.) के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। लगभग 1:10 बजे अपर कलेक्टर, एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 243 आवेदन पत्र सुझाव/विचार/टीका –टिप्पणी प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 193 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 250 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 127 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर (छ.ग.)

**अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी**,
जिला–जांजगीर–चांपा